CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 41 रायपुर, बुधवार 5 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# रामा बिल्डकॉन को सरकारी जमीन आबंटन में गड़बड़ी का मुद्दा गरमाया

## राजस्व मंत्री बोले- आबंटन रद्द कर दिया है

**रायपुर,** 5 मार्च (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में शासकीय जमीन के आवंटन का मुद्दा प्रश्नकाल में उठा। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने अमलीडीह की शासकीय भूमि के आबंटन पर सवाल उठाये। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने पूछा- जमीन आबंटन निरस्त होने के कारण क्या है?

जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा- मंत्रिमंडल में नियम में बदलाव की वजह से आबंटन निरस्त कर दिया गया था। जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई थी, बल्कि प्रक्रियाधीन थी, इस दौरान कैबिनेट का फैसला आ गया, जिसके बाद जमीन का आवंटन नहीं किया गया।

धरमलाल कौशिक ने सप्लीमेंट्री सवाल में जानना चाहा कि 56 करोड़ रुपए पटाया जाना था लेकिन सिर्फ 9 करोड़ रुपए की राशि जमा की गई थी। अधिकारियों ने जो इस तरह से काम किया था उनके ख़िलाफ़ क्या कार्रवाई की जाएगी? धरमलाल कौशिक ने कहा कि भूमि का आबंटन रामा बिल्डकॉन को किया गया था। यह जवाब दिया गया है. भूमि रिकॉर्ड में किसके नाम पर है? जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि भूमि का आबंटन की प्रक्रिया चल रही थी। संबंधित पक्ष ने राशि नहीं पटाई गई थी। शासन ने आबंटन निरस्त कर दिया था। राजस्व मंत्री ने कहा- आबंटन कलेक्टर के द्वारा किया जाता है, जब राशि पटाई जाती है. राशि जमा करने के पूर्व ही आबंटन रद्द कर दिया गया था। रिकॉर्ड में भूमि शासन के




नाम पर ही दर्ज है. कलेक्टर द्वारा डिमांड लेटर दिया ही नहीं गया था।

भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा- आबंटन की प्रक्रिया ग़लत थी. इस पर क्या कार्रवाई की जाएगी? सरकार की जमीन की अफ़रातफ़री करेंगे? 56 करोड़ की जमीन को 9 करोड़ रुपए में कर देंगे? राजस्व मंत्री ने कहा- आबंटन किया ही नहीं गया. भाजपा विधायक ने कहा- सरकारी जमीन की बंदरबाँट की गई है। यह सिर्फ़ एक प्रकरण नहीं है। मंत्री सदन में असत्य कथन कर रहे हैं. मंत्री ने कहा- निरस्त कर दिया गया है। धरमलाल कौशिक ने बताया कि अगर जमीन का आवंटन रद्द कर दिया गया। इसके बाद जमीन का स्ट्रक्चर को ढाहना पड़ेगा। क्या शासन ये कार्रवाई करेगा।

### सुशांत शुक्ला ने उठाया सर्पदंश से हुई मौत के मुआवजे में घोटाले का मुद्दा

विधानसभा में आज सर्पदंश से हुई मृत्यु के मुआवजे का मुद्दा उठा। भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला के सवाल पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने इसकी जांच की घोषणा की है। सुशांत शुक्ला ने अपने सवाल के जवाब में कहा कि जशपुर को नागलोक कहा जाता है,जहां सर्पदंश से सबसे ज्यादा मौतें होती है, लेकिन विधानसभा में जो आंकड़े आये हैं, उसमें जशपुर से ज्यादा बिलासपुर में मौत के बाद मुआवजा राशि वितरित करने की बात कही गयी है।

सुशांत शुक्ला ने ये भी कहा कि मुआवजा दिलाने के लिए एक रैकेट सक्रिय है, जो गलत तरीके से मुआवजा दिलाने का काम करता है। इन बातों पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि अभी तक ये मामला संज्ञान में नहीं आया है, अगर उनके पास इस संबंध में कोई साक्ष्य है, तो वो उसे उपलब्ध करा दें। उसकी वो जांच करा लेंगे। सर्पदंश से मृत्यु पर मुआवजा चार लाख प्रति व्यक्ति दिया जाता है। सर्पलोक जशपुर में सर्पदंश से मात्र 96 लोगों की मौत के आंकड़े आये हैं, जबकि बिलासपुर में सर्पदंश से 431 लोगों की मौत हुई है। विधायक ने सर्पदंश मृत्यु मुआवजा में करोड़ों रुपए के घोटाले की बात कही। इस सवाल के सप्लीमेंट्री सवाल पर धर्मजीत सिंह ने जानना चाहा कि किसी व्यक्ति की अगर सर्पदंश से मृत्यु हो जाती है, तो उसे मुआवजा पाने के लिए किन प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। जवाब में मंत्री ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सर्पदंश की पुष्टि होती है, जिसके बाद मुआवजे की प्रक्रिया शुरू होती है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि अधिकारी सवालों का जवाब, तय समय में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ दें



विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने निर्देशित किया है कि अधिकारी विधानसभा के सवालों का जवाब, तय समय में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ दें। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने इसे लेकर संसदीय कार्यमंत्री को निर्देशित किया है। दरअसल पूरा मामला भारतमाला परियोजना में प्रभावितों को मुआवजा में गड़बड़ी से जुड़ा है। दरअसल भारतमाला परियोजना के मुआवजे से संबंधित सवाल आज पहले नंबर पर था, लेकिन इसका जवाब प्रश्नकाल के आधे घंटे पहले ही प्रश्नकर्ता नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को उपलब्ध कराया गया। प्रश्नकाल जैसे ही शुरू हुआ, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि, अध्यक्ष के निर्देश के बावजूद मुझे प्रश्न का उत्तर अभी आधे घंटे पहले मिला। कई पन्नों में ये जवाब दिया गया है, इसे इतना देर में पढ़ा भी नहीं जा सकता, जबकि पिछले हफ्ते का ही प्रश्न था जिसे आज इस सवाल को पहले नंबर पर लिया जाना है। चरणदास महंत को पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक अजय चंद्राकर का भी साथ मिला। उन्होंने भी इसे व्यवस्था का प्रश्न बताते हुए अधिकारियों के इस कृत्य को गलत बताया। जिसके बाद आसंदी से विधानसभा अध्यक्ष ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि, ये अत्यंत खेदजनक है, मैं संसदीय कार्य मंत्री को निर्देशित करता हूँ कि सभी अधिकारियों को निर्देशित करें कि सर्वोच्च प्राथमिकता पर रख कर उत्तर मुहैया कराया जाए। अगले हफ़्ते के पहले प्रश्न के तौर पर इसे लिया जाएगा। जिसके बाद चरणदास महंत ने कहा कि ये भी उचित नहीं है कि उनके सवाल के ठीक पहले अधिकारियों पर कार्रवाई की जानकारी मीडिया को सार्वजनिक कर दी जाये। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जब ये सवाल आयेगा, तो आप अपनी बात कह दीजियेगा।

## सिकलसेल संस्थान का मुद्दा भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने ध्यानाकर्षण में उठाया मामला

सिकलसेल संस्थान में सिकलसेल के मरीजों की इलाज की सुविधा नहीं होने का मामला सदन में उठा. ध्यानाकर्षण के ज़रिए भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने मामला उठाया. अजय चंद्राकर ने कहा कि- पीड़ित मरीज अपनी मौत का इंतज़ार कर रहे हैं. प्रदेश में सिकलसेल बीमारी से 25 लाख लोग पीड़ित है. सिर्फ एक ही चिकित्सा संस्थान रायपुर में है लेकिन पर्याप्त विशेषज्ञ नहीं है. कोई रिसर्च नहीं किया जाता. संचालन के लिए स्वयं का भवन तक नहीं है. मरीज इलाज के लिए दर दर भटक रहे हैं. स्वाथ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि- राज्य में एकमात्र सिकलसेल संस्थान है. राज्य के सरकारी चिकित्सालय में सिकलसेल प्रबंधन सेल शुरू किया गया है. सिकलसेल को लेकर वैज्ञानिकों ने 19 शोध पत्र प्रकाशित किया है. चिकित्सकों की नियुक्ति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. सिकलसेल सेंटर ऑफ़ एक्सिलेंस में बोनमैरो ट्रांसप्लांट की व्यवस्था शुरू की जा रही है.भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा- जब मैं स्वास्थ्यमंत्री था तक सिकलसेल संस्थान शुरू किया गया था. भूपेश सरकार तो सिर्फ भवन के लिए नारियल फोड़कर चुप बैठ गई. मंत्री बताए कि संस्थान में कितने डॉक्टर और विशेषज्ञ हैं? स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा- प्रदेश में सिकलसेल के लिए बड़ा काम किया गया है. 23 जून 2023 को भूपेश सरकार ने आनन फ़ानन में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के लिए भूमिपूजन कर लिया था. हमारी सरकार आने के बाद से अब तक 11 बैठके हम कर चुके हैं. 180 का सेटअप है. 28 कार्यरत हैं. इनमें से 4 विशेषज्ञ डॉक्टर हैं. हमारा प्रयास होगा कि जल्द से जल्द डॉक्टरों की भर्ती की जाए. जब तक भर्ती नहीं होती तब तक डॉक्टरों को अटैच कर कार्यवाही की जाएगी. अजय चंद्राकर ने पूछा- संस्थान में कितनी मशीन उपलब्ध है, और कितने मानव संसाधन है? स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि-आवश्यकतानुसार चार उन्नत मशीनें उपलब्ध हैं. जांच के लिए मानव संसाधन उपलब्ध है. प्रतिदिन 60 मरीजों की जांच की जा रही है. नौ तकनीशियन मशीनों को ऑपरेट करने के लिए हैं. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पूछा- सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बनाने के लिए कितने दिनों में बोनमैरो ट्रांसप्लांट, शोध आदि की अनुमति मिल जाएगी? संस्थान के ठीक बाजू का बंगले में मंत्री रहते थे. उस बंगले की जमीन को भी संस्थान के लिए दिया जाना था. क्या किसी तरह की आर्थिक अनियमितता की शिकायत पाई गई है? स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा- करीब दो एकड़ जमीन थी. किसी भी तरह की आर्थिक अनियमिता की जानकारी नहीं है. यह दुर्भाग्य है कि किसी भी स्वास्थ्य मंत्री ने सिकलसेल संस्थान को मजबूत करने के लिए काम नहीं किया है. यह मेरी प्राथमिकता में है. अजय चंद्राकर जिस आर्थिक अनियमितता की जानकारी दे रहे हैं, उसका परीक्षण किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर जांच कराई जाएगी.

# सड़क दुर्घटना में नाबालिग की मौत, दो गंभीर रूप से घायल



रायपुर/अभनपुर, 5 मार्च (हाईवे चैनल)। आरंग मार्ग पर जमगांव के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीन लोग एक ही बाइक पर सवार होकर अपने काम से घर लौट रहे थे, तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। हादसे में एक नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान आरंग थाना क्षेत्र के चापरीद समोदा निवासी के रूप में हुई है।

घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से नाबालिग की मौके पर मौत

**कोरबा,** 5 मार्च (हाईवे चैनल)। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद नशे में धुत ट्रक चालक की लोगों ने जमकर पिटाई की. सूचना पर पहुंची 112 की टीम ट्रक चालक को गिरफ्तार कर थाने लाई. घटना उरगा थाना अंतर्गत कोरबा सक्ती मार्ग पर भैसमा बाजार चौक के मुख्य मार्ग पर रात करीबन 9 बजे घटित हुई. तेज रफ्तार नियंत्रित होकर स्कूटी को ठोकर मारते हुए दीवार से जा टकराई. ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार नाबालिक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक बेंदरकोना निवासी 16 वर्षीय परमेश्वर कंवर अपने परिजनों के साथ भैसमा के एक कपड़ा दुकान में कपड़ा लेने आया हुआ था. परिजन कपड़ा ले रहे थे, वहीं मृत नाबालिग बाहर स्कूटी में बैठकर मोबाइल चला रहा था, तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक परमेश्वर को ठोकर मारते हुए दीवार से जा टकराई.

## ब्रेकिंग न्यूज

### स्टीव स्मिथ ने वनडे से लिया संन्यास



**नई दिल्ली,** 5 मार्च (न्यूज चैनल)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को एक और झटका लगा है। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान संभालने वाले स्टीव स्मिथ ने वनडे प्रारूप को अलविदा कह दिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी घोषणा की है। ऑस्ट्रेलिया को मंगलवार को भारत के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्मिथ टीम की कमान संभाल रहे थे। वह टेस्ट खेलते रहेंगे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में वह काफी समय से टीम से बाहर चल रहे हैं।

### मायावती ने भाई आनंद कुमार को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटाया

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (न्यूज चैनल)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी से निकालने के बाद अब उनके पिता आनंद कुमार को भी नेशनल कोआर्डिनेटर पद से हटा दिया है। उनकी जगह रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है। मायावती ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोआर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनजर एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है।




**चूहा- सुनती हो, विधानसभा में बताया कि बिलासपुर में सर्पदंश से 431 मौतें हुई जबकि जशपुर में 81.**

**चुहिया- हां जी, सारे जहरीले सर्प बिलासपुर ट्रांसफर हो गए हैं।**

# 2 अप्रैल से भारत पर पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे : डोनाल्ड ट्रम्प



**नई दिल्ली**, 5 मार्च (न्यूज चैनल)। कांग्रेस के संयुक्त सत्र में अपने दूसरे कार्यकाल के पहले संबोधन के दौरान, संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी कठोर टैरिफ नीति का बचाव किया, तथा दोहराया कि अमेरिका को भारत सहित दुनिया भर के कई देशों से उच्च टैरिफ का सामना करना पड़ रहा है।

ट्रंप ने अपने संबोधन के दौरान कहा, अगर आप ट्रंप प्रशासन के तहत अमेरिका में अपना उत्पाद नहीं बनाते हैं, तो आपको टैरिफ देना होगा और कुछ मामलों में, काफी बड़ा टैरिफ देना होगा। दूसरे देशों ने दशकों तक हमारे खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल किया है और अब हमारी बारी है कि हम उन दूसरे देशों के खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल करना शुरू करें। यह बहुत अनुचित है।' ट्रंप ने उन देशों का नाम गिनाया, जो अमेरिका से बहुत ज़्यादा टैरिफ वसूलते हैं, जिनमें भारत भी शामिल है। ट्रंप ने कहा, औसतन, यूरोपीय संघ, चीन, ब्राज़ील, भारत, मैक्सिको और कनाडा...क्या आपने उनके बारे में सुना है? और अनगिनत दूसरे देश हमसे बहुत ज़्यादा टैरिफ वसूलते हैं, जितना हम उनसे वसूलते हैं। उन्होंने कहा, यह बहुत अनुचित है। अपने भाषण के दौरान भारत का ज़िक्र करते हुए ट्रंप ने कहा, भारत हमसे 100 प्रतिशत से ज़्यादा ऑटो टैरिफ वसूलता है। उन्होंने आगे कहा, हमारे उत्पादों पर चीन का औसत टैरिफ हमसे दोगुना है और दक्षिण कोरिया का औसत टैरिफ चार गुना अधिक है। ट्रम्प ने घोषणा की कि संयुक्त राज्य अमेरिका कई देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाएगा, जो 1 अप्रैल से नहीं बल्कि 2 अप्रैल से शुरू होगा, क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि यह अप्रैल फूल्स डे के साथ मेल खाए।

# रेल लोको पायलट विभागीय परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक, रेलवे के 26 अधिकारी गिरफ्तार, परीक्षा रद्द

**नई दिल्ली**, 5 मार्च (न्यूज चैनल)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने रेलवे की विभागीय परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत विद्युत विभाग के एक वरिष्ठ मंडल अभियंता सहित 26 रेलवे अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान इन आरोपियों के पास से 1.17 करोड़ रुपए नकद जब्त किए हैं। सूत्रों ने कहा कि मुगलसराय में मुख्य लोको पायलट के पदों पर पदोन्नति के लिए परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में रेलवे अधिकारियों गिरफ्तार किया गया। परीक्षा मंगलवार को आयोजित की जानी थी। एजेंसी के सूत्रों ने कहा कि परीक्षा अब रद्द कर दी गई है।सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया, मुगलसराय में तीन स्थानों पर (तीन-चार मार्च की मध्य रात्रि) सीबीआई द्वारा की गई जांच के दौरान कुल 17 अभ्यर्थियों के पास हाथ से लिखे प्रश्नपत्रों की छाया प्रति मिली। वर्तमान में लोको पायलट के रूप में काम कर रहे सभी 17 विभागीय अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र के लिए कथित तौर पर पैसे दिए थे और छापेमारी के दौरान उन्हें प्रतियों के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, कुल मिलाकर इस मामले में अब तक 26 रेलवे अधिकारियों (17 अभ्यर्थियों सहित) को गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी ने विद्युत विभाग के एक वरिष्ठ मंडल अभियंता (संचालन) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है जिसे उक्त परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी।

# महाकुंभ में नाविक परिवार ने रचा इतिहास 45 दिनों में 30 करोड़ की कमाई



**नई दिल्ली,** 5 मार्च (न्यूज चैनल)। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ न केवल धर्म और अध्यात्म का केंद्र बना, बल्कि यह कई लोगों के लिए आर्थिक समृद्धि का भी अवसर लेकर आया। नैनी के अरैल इलाके के रहने वाले एक नाविक परिवार की मेहनत और सफलता की कहानी अब सुर्खियों में है। इस परिवार ने महाकुंभ के 45 दिनों में नाव चलाकर करीब 30 करोड़ रुपये की कमाई की। यह उपलब्धि इतनी बड़ी रही कि खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी चर्चा विधानसभा में की। नाव संचालन को पेशे के रूप में अपनाने वाला यह महरा परिवार पिछले कई दशकों से इस व्यवसाय में लगा हुआ है। महाकुंभ के दौरान 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे, जिससे इनकी नावों की मांग चरम पर रही। महरा परिवार के पास सौ से अधिक नावें हैं, जिनमें से प्रत्येक नाव से 7 से 10 लाख रुपये तक की कमाई हुई। जब इस कमाई को जोड़कर देखा गया, तो यह आंकड़ा 30 करोड़ के आसपास पहुंच गया। इस सफलता से पूरा परिवार उत्साहित है और खुशी में एक-दूसरे को मिठाई खिला रहा है। इस परिवार में 500 से अधिक सदस्य नाव संचालन के व्यवसाय से जुड़े हैं। अपनी नावों के अलावा, इन्होंने आसपास के इलाकों से भी नावें मंगवाकर श्रद्धालुओं को संगम स्नान कराने का कार्य किया। महरा परिवार का कहना है कि निषाद समुदाय के लोगों को पहली बार इतनी पहचान और सम्मान मिला है।

# जिला अस्पताल में बीते 10 माह में पहुंचे डेढ़ लाख मरीज






**धमतरी,** 5 मार्च (हाईवे चैनल)। धमतरी जिला अस्पताल में चालु वित्तीय वर्ष में गत वर्ष की तुलना में मरीजों की संख्या घटी है। हालांकि वर्तमान वित्तीय वर्ष पूरा होने में समय है। लेकिन फिर भी गत वर्ष की तुलना में मरीजों का आकंड़ा कम ही रहा सकता है।

## वर्ष 2023-24 में हुआ था 2 लाख 21 हजार 422 मरीजों का उपचार
## चालू वित्तीय वर्ष में अब तक कम रही है मरीजों की संख्या

मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला अस्पताल में 2 लाख 21422 मरीजों का उपचार हुआ था। वहीं वर्ष 2022-23 में 1 लाख 64112 मरीजों का उपचार हुआ था। वहीं चालु वित्तीय वर्ष में जनवरी 2025 तक 1 लाख 50680 मरीजों का ही उपचार हो पाया है। ऐसे में यह चिंतन का विषय है कि जिला अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार के बाद भी मरीजों की संख्या क्यों घट रही है। शेष दो महीने फरवरी और मार्च माह के बाद भी गत वर्ष के आंकड़े के करीब भी मरीज इस साल जिला अस्पताल नहीं पहुंचेंगा।

ज्ञात हो कि धमतरी जिला अस्पताल में धमतरी के अतिरिक्त बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग के साथ ही बस्तर क्षेत्र के कई मरीज बेहतर उपचार की उम्मीद में पहुंचते है। अस्पताल की ओपीडी रोजाना 500 से अधिक होती है यहां सुविधायें बढ़ी है लेकिन सुविधाएं का लाभ उम्मीद के अनुरुप मरीजों को नहीं मिल नहीं मिल पा रहा है। दरअसल यहां सिटी स्केन मशीन लगाया गया है लकिन नियमित रेडियों लॉजिस्ट की कमी और पुराने मॉडल की सिटी स्केन होने के कारण कई बीमारियों में लाभप्रद नहीं है। वहीं यहां वेटिंग काफी ज्यादा रहता है। इसलिए इमरजेंसी में महंगी फीस चुका कर गरीबों को निजी सेंटरों से सिटी स्केन कराना पड़ता है। अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों के कई पद भी रिक्त है। यहां संविदा के भरोसे काम चलाया जा रहा है। अस्पताल में बेड की कमी भी खलती है। पूर्व में कई बार जिला अस्पताल को 300 बेड के अस्पताल में अपग्रेड करने या मेडिकल कॉलेज बनाने की मांग की जा चुकी है। लेकिन विशेष सौगात स्वास्थ्य के क्षेत्र में अब तक धमतरीवासियों को नही मिली है।

CMYK